हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 29 अगस्त 2025



13 जिला प्रशासन का जनता से सीधा संवाद रात्रि ठहराव...



14 पोर्टल पर पंजीकरण कराने के मामले में है...

# दाखिले से वंचित विद्यार्थियों के लिए एक और मौका: हायर एजुकेशन विभाग ने फिर किया पोर्टल ओपन

■ पीजी फर्स्ट ईयर, यूजी व पीजी द्वितीय व तृतीय वर्ष के लिए विद्यार्थी कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हायर एजुकेशन विभाग ने एक बार फिर से उन विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान किया है, जो पहले दाखिले से वंचित रह गए थे। विभाग ने पीजी फर्स्ट ईयर व यूजी तथा पीजी द्वितीय व तृतीय वर्ष के लिए ऑनलाइन आवेदन पोर्टल फिर से खोल दिया है। इस पहल से उन विद्यार्थियों को एक और मौका मिलेगा, जो किसी कारणवश पहले आवेदन नहीं कर पाए थे या जिनका दाखिला नहीं हो पाया था। विभाग का उद्देश्य अधिक से अधिक विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना है। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए विद्यार्थियों को विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाना होगा। वहां उन्हें आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने व आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा। यह पहल उन विद्यार्थियों के लिए एक आशा की किरण है, जो उच्च शिक्षा के अपने सपनों को पूरा करना चाहते हैं। विभाग की इस पहल से विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। विद्यार्थी 12 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। इससे पहले यह तिथि 19 अगस्त थी। जिसे अब सीटें खाली रहने पर बढ़ाया गया है।

### फिजिकल काउंसलिंग आज

राजकीय महाविद्यालय नारनौल के प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने बताया कि स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष में रिक्त सीटों के लिए फिजिकल काउंसलिंग का आयोजन महाविद्यालय परिसर में 29 अगस्त को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी शुक्रवार दोपहर 12 बजे से दोपहर दो तक आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित समय पर महाविद्यालय में उपस्थित होकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### सीटें रिक्त रहने पर किया पोर्टल ओपन

*सीटें रिक्त रहने पर विभिन्न कॉलेजों की मांग को देखते हुए उच्चतर शिक्षा विभाग ने कॉलेजों में पीजी प्रथम वर्ष व यूजी तथा पीजी द्वितीय व तृतीय वर्ष में दाखिले के लिए पोर्टल फिर से ओपन किया है। अब इच्छुक विद्यार्थी 12 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उच्चतर शिक्षा विभाग की ओर से जारी निर्देशों के अनुसार प्रदेश के सभी सरकारी व प्राइवेट कॉलेज पीजी प्रथम वर्ष व पीजी तथा यूजी द्वितीय व तृतीय वर्ष की कक्षा के लिए दाखिलों की प्रक्रिया को 12 सितंबर तक हर हाल में पूरा कर लें। इसके बाद अंतिम तिथि में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी।*

### वंचित विद्यार्थी 12 सितंबर तक करें आवेदन

पीजी कॉलेज नारनौल के दाखिला नोडल अधिकारी डॉ. सतीश सैनी ने बताया कि दाखिले से वंचित विद्यार्थी 12 सितंबर तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के बाद मेरिट के आधार पर लिस्ट जारी की जाएगी। इसके बाद विद्यार्थी दाखिला कमेटी के पास अपने दस्तावेज प्रस्तुत कर व फीस जमा करवाकर दाखिला ले सकते है।

**पीजी कॉलेज में स्नातकोत्तर कोर्स की सीटें**

| संकाय | स्वीकृत | दाखिले | रिक्त |
|---|---|---|---|
| एमए अंग्रेजी | 40 | 24 | 16 |
| हिंदी | 40 | 39 | 1 |
| इतिहास | 40 | 38 | 2 |
| राजनीतिक विज्ञान | 40 | 40 | 0 |
| संस्कृत | 40 | 29 | 11 |
| मास्टर ऑफ कॉमर्स | 40 | 30 | 10 |
| बॉटनी | 20 | 20 | 0 |
| कैमेस्ट्री | 40 | 40 | 0 |
| कंप्यूटर साइंस | 40 | 30 | 10 |
| ज्योग्रफी | 40 | 36 | 4 |
| जीयोलॉजी | 30 | 23 | 7 |
| मैथमेटिक्स | 40 | 36 | 4 |
| जूलॉजी | 20 | 20 | 0 |
| पीजीडीसीए | 40 | 16 | 24 |
| पीजीडीडीएम | 40 | 19 | 21 |

### महिला कॉलेज में भी रिक्त हैं सीटें

**नारनौल।** कालेज में एडमिशन लेने से वंचित रहे विद्यार्थियों को उच्चत्तर शिक्षा विभाग ने एकबार फिर मौका दिया है। राजकीय महिला महाविद्यालय की एडमिशन इंचार्ज डा. ममता सिद्धार्थ ने बताया कि यूजी की बीए की 468, बीकॉम की 68, बीएससी लाइफ साइंस 118 तथा बीएससी फिजिकल साइंस की 104 सीटों पर ही एडमिशन हुआ है। शेष सीटें अब भी रिक्त हैं, जिनके लिए नए सिरे से आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि महिला महाविद्यालय की पीजी कक्षाओं में एमए इंग्लिश की 33, एमए हिस्ट्री की 39, एमएससी मैथ की 36 तथा एमकॉम की 36 सीटें ही भरी गई हैं, जबकि इन चारों विषयों में पीजी की 40-40 सीटें निर्धारित हैं। 12 सितंबर तक एडमिशन के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### केशव नगर में विवाहिता ने लगा लिया फंदा

**नारनौल।** सिंघाना रोड स्थित केशव नगर गली नंबर तीन में करीब 27 वर्षीय एक विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। विवाहिता की पहचान करीब 27 वर्षीय सुमन देवी पत्नी सचिन कुमार के रूप में की गई है तथा उसने अपने घर पर ही फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस आवश्यक कार्रवाई कर रही है, जबकि शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

### सुरजनवास की नहर में मिला युवक का शव

**महेंद्रगढ़।** सुरजनवास गांव की नहर से एक लापता युवक का शव बरामद हुआ है। पुलिस ने मृतक का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के पिता श्रीभगवान ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा 26 अगस्त को सुबह करीब नौ बजे बिना कुछ बताए घर से निकल गया था। परिवार को लगा कि वह किसी निजी काम से गया है। अगले दिन शाम को उन्हें फोन पर सूचना मिली कि सुरजनवास की नहर में एक युवक का शव मिला है। श्रीभगवान खेतीबाड़ी का काम करते हैं। उनके दो बच्चे हैं। जिनमें बड़ी बेटी शादीशुदा है और छोटा बेटा हर्ष खेती का काम करता था।

### अनजान से ईंट लेने पर लेक्चरर से ठगी, केस

**नारनौल।** अनजान से ईंट लेना एक लेक्चरर को महंगा पड़ा है। हुआ यूं कि ईंट की सप्लाई करने वाले व्यक्ति ने एक रिटायर्ड मैथ लेक्चरर को करीब 40 हजार रुपये का चूना लगा गया। लेक्चरर ने इसकी शिकायत पुलिस को दी है। गांव कुतबापुर के रहने वाले रिटायर्ड मैथ लेक्चरर शहर के हुडा सेक्टर एक के फेस टू में नया मकान बना रहे हैं।

### अवैध नशीले पदार्थ के साथ दो गिरफ्तार

**महेंद्रगढ़।** थाना शहर व थाना सदर कनीना की पुलिस टीम ने नशीले पदार्थ के मामले में दो आरोपितों को काबू किया। थाना शहर पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित आरोपित दीपक वासी मोहल्ला नीमडी वाला व सवाई सिह वासी गांव खेड़ी को काबू किया। पुलिस ने मौके से आरोपितों के पास से गांजा बरामद किया। जिसके पास से मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ, जिसका पॉलीथिन सहित वजन 275 ग्राम हुआ। जिनके खिलाफ संबंधित थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### श्री जेठू बाबा का मेला तीन से

**नारनौल।** गांव नसीबपुर स्थित श्री जेठू बाबा का मेला तीन और चार सितंबर को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में मंदिर पुजारी ने बताया कि इस दौरान मेला कमेटी की ओर से कुश्ती व कबड्डी प्रतियोगिता भी आयोजित कराई जाएंगी। वहीं दो और तीन सितंबर की रात को जागरण आयोजन किया जाएगा। तीन सितंबर की शाम को भगवान की डोला सवारी निकाली जाएंगी।

# जिला नागरिक अस्पताल के आधुनिकीकरण का कार्य शुरू, 3 करोड़ खर्च होने का अनुमान

■ सीएम ने बजट में जिलास्तर के अस्पताल को नामी प्राइवेट अस्पतालों की तरह आधुनिकीकरण करने पर किया था फोकस, यह उसी का परिणाम

राजकुमार ▶▶ नारनौल

जिला नागरिक अस्पताल के दिन शीघ्र बहुरने वाले हैं। स्वास्थ्य विभाग ने सिविल अस्पतालों के आधुनिकीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इन अस्पतालों को निजी स्वास्थ्य सुविधाओं के मानकों के अनुरूप उन्नत करने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल शुरू कर दी है, जिसके तहत सरकारी अस्पताल भवन जीर्णोद्धार किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने पीडब्ल्यूडी विभाग की मदद से इस कार्ययोजना को अमलीजामा पहनाना शुरू कर दिया है। इस पर करीब तीन करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

उल्लेखनीय है कि यह पहल राज्य के मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा को पूरा करने की दिशा में हाल ही में आयोजित प्रदेश स्तरीय मीटिंग में एक अहम कदम उठाया है, जिसके तहत प्रत्येक जिले में सरकारी अस्पतालों को नामी प्राइवेट अस्पतालों की तरह सुसज्जित किया जाएगा। प्रथम चरण में जिला स्तरीय नागरिक अस्पतालों को सुधारने का कार्य किया जाना है। यह दूरदर्शी प्रयास सिविल अस्पतालों के बुनियादी ढांचे के नवीनीकरण पर केंद्रित है, जिसमें शौचालय की मरम्मत से लेकर सफेदी, लाइट और रंग-रोगन आदि सब शामिल हैं। इसका उद्देश्य रोगियों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत बिजली की मरम्मत, बेहतर लाइटिंग व्यवस्था और रोगी देखभाल तथा कर्मचारियों की कार्यकुशलता में सुधार के लिए एयर कंडीशनिंग आदि आवश्यक सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण शामिल है। अस्पताल की आंतरिक सड़कों की मरम्मत और संकेतों को ठीक करने जैसे व्यावहारिक सुधार जाए जाने हैं, जिससे आगंतुकों और स्वास्थ्य कर्मियों, दोनों के लिए एक बेहतर वातावरण तैयार हो सकेगा।



नारनौल। जिला नागरिक अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

### अस्पताल परिसर में बनेगा पार्क एवं पार्किंग

जिला नागरिक अस्पताल में वर्तमान में कोई पार्क नहीं है। हालांकि तीन दशक पहले एक पार्क हुआ करता था, जिसकी जगह पहले पुलिस चौकी भवन तैयार किया गया, लेकिन बाद में उसे भी तोड़कर अस्पताल का तीन मंजिला आपातकालीन वार्ड बना दिया गया, जिसके तृतीय तल पर वर्तमान में सिविल सर्जन कार्यालय चल रहा है। पार्क नहीं होने से मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों को बैठने एवं समय बीताने में परेशानी हो रही है। इसी कारण अब एक पार्क बनाने की योजना तैयार की गई है, जिस पर शीघ्र ही कार्य शुरू किया जाएगा। पार्क के साथ ही पार्किंग का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे अस्पताल आने वाले प्राइवेट वाहन खासकर दुपहिया वाहन उस पार्किंग में व्यवस्थित ढंग से खड़े किए जा सकेंगे।

### यह रहेगा बजट

जिला नागरिक अस्पताल को नामी प्राइवेट अस्पतालों की तरह चमकाने की कार्ययोजना में अस्पताल के पुराने भवन की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। भवन मरम्मत के लिए 96 लाख रुपये का एस्टीमेट है, जबकि अस्पताल के इलेक्ट्रीक कार्यों का 1.80 करोड़ रुपये का बजट बनाया गया है। हालांकि इस बजट को रिवाइज करने के लिए पीडब्ल्यूडी ने तैयारी कर रखी है, ताकि अस्पताल में किसी प्रकार की कमी न रह सके।

### बढ़ेंगी चिकित्सा सुविधाएं

नागरिक अस्पताल में जीर्णोद्धार के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में भी सुधार किया जाएगा। सरकार की योजना के मुताबिक जिला नागरिक अस्पताल में सिटी स्कैन, एमआरआई आदि आधुनिक सुविधाएं बढ़ाई जानी हैं। नारनौल अस्पताल में भी ये सुविधाएं बढ़ने की उम्मीद है। ये सुविधाएं मिलने से अस्पताल आने वाले मरीजों को काफी फायदा हो सकेगा।

### यह बोले चिकित्सा अधिकारी

नागरिक अस्पताल के उप चिकित्सा अधिकारी विजय सिंह डबास ने बताया कि अस्पताल भवन के रेनोवेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। हालांकि बरसात के कारण फिलहाल इसमें परेशानी आ रही है, लेकिन शीघ्र ह मौसम बदलने पर इन कार्यों में तेजी लाई जाएगी। अस्पताल भवन की मरम्मत की जाएगी। नई लाइटें लगेंगी। पार्क एवं पार्किंग तैयार किए जाएंगे। जब अस्पताल को अंतिम रूप दे दिया जाएगा, तब यहां नागरिक अस्पताल आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित नजर आएगा। यह सब मरीजों एवं अस्पताल आने वाले लोगों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। अस्पताल की सुविधाएं भी बढ़ेंगी और चिकित्सा सुविधाओं में भी सुधार किया जाएगा।



महेंद्रगढ़। सीसीटीवी कैमरे में कैद संदिग्ध पीला कपड़ा डाले हुए। फोटो : हरिभूमि

## आईटीबीपी के जवान के साढ़े चार लाख रुपये चोरी, सीसीटीवी में दिखा चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

शहर के सिनेमा रोड पर इलेक्ट्रानिक की दुकान पर आईटीबीपी के जवान के बैग से चोर साढ़े चार लाख रुपये निकाल ले गया। जवान बैंक से लोन के पैसे निकलवाकर लाया था। पीड़ित ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर रुपये बरामद करने तथा चोर को पकड़ने की मांग की हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में गांव भुरजट के रहने वाले सुनील कुमार ने बताया कि वह आईटीबीपी में नौकरी करता है तथा 15 दिन के सीएल अवकाश पर आया हुआ था। बीते दिन वह महेंद्रगढ़ के सिनेमा रोड स्थित एसबीआइ ब्रांच में पर्सनल लोन के पैसे लेने गया था। जहां से वह अपने खाते से साढ़े चार लाख रुपये लेकर एक बैग में रखकर वहां से चला गया। इसके बाद वह बैग को लेकर सुरेश इलेक्ट्रानिक की दुकान पर गया। वहां पर उसने कुछ सामान खरीदने के लिए बैग को वहां टेबल पर रख दिया तथा सामान लेकर घर चला गया। घर पर जाकर देखा तो उसको पैसे नहीं मिले। इसके बाद वह इलेक्ट्रॉनिक की दुकान पर आया। वहां पर उसने सीसीटीवी कैमरा चेक किया तो पाया कि एक युवक उसके बैग में से पैसे निकाल रहा है। सीसीटीवी में युवक का चेहरा भी साफ दिखाई दे रहा है। उसने पुलिस में शिकायत देकर आरोपित युवक को गिरफ्तार कर उसके पैसे दिलाने की मांग की है। जवान की ओर से बैंक तथा दुकान की सीसीटीवी चेक करने पर पता चला कि युवक बैंक से ही उसके पीछे लगा हुआ था। उसने उसको बैग में पैसे रखते देखा था। इसलिए ही वह बैग से पैसे निकालकर चला गया।

## नगर परिषद ने सड़कों से हटवाई रेहड़ियां अतिक्रमण नहीं करने की दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर परिषद के दस्ते ने वीरवार दोपहर उपरांत शहर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के तहत सड़क से रेहडिय़ों को पीछे करवाया गया, ताकि ट्रैफिक आते-जाते वक्त आसानी रहे तथा कोई हादसा न हो। इस दस्ते में जेई विकास शर्मा एवं उनकी टीम शामिल थी, जबकि नप उपप्रधान संजीव यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। जेई विकास शर्मा ने बताया कि डीएमसी के आदेशों पर दो दिनों से शहर में मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में अनेक मार्गों पर रेहड़ी चालक खड़े रहते हैं, जिनसे हाथ जोड़कर उन्हें रेहड़ी सड़क से दो-तीन फुट तक पीछे करने का निवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर के मुख्य मार्ग पर से अतिक्रमण हटाने उपरांत वह सिंघाना रोड, बस स्टैंड रोड पर पहुंचे हैं। बस स्टैंड पर भीड़ का आवागमन अधिक रहता है। इस कारण यहां पर भी सड़क से दो-तीन फुट तक रेहड़ियों को पीछे करवाया गया है। फिलहाल चालान की कार्रवाई करने की बजाए महज निवेदन किया गया है और चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में अतिक्रमण किया गया तो उनके चालान किए जाएंगे तथा सामान को जब्त कर लिया जाएगा।



नारनौल। बस स्टैंड पर रेहड़ी वालों को हिदायत देते जेई विकास शर्मा।

## तीन एकड़ में अवैध निर्माण पर चला डीटीपी का पंजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के महेंद्रगढ़ रोड पर अवैध रूप से तीन एकड़ में विकसित की जा रहीं कॉलोनी पर जिला नगर योजनाकार की टीम तोड़फोड़ की कार्यवाही की गई। यह कॉलोनी बिना विभाग की अनुमति के विकसित की जा रहीं थी। जिसे जिला प्रशासन की मदद से तोड़ दिया गया। इस कार्यवाही में तीन चारदीवारी व नौ डीपीसी के साथ- साथ सभी कच्चे रास्ते उखाड़ दिए गए।

यह पूरी कार्यवाही जिला नगर योजनाकार की अगुवाई में स्टाफ सदस्यो के साथ भारी पुलिस बल की मौजूदगी में अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार मंदीप सिंह सिहाग ने लोगों से कहा की है कि नियंत्रित व शहरी क्षेत्र में कोई भी निर्माण बिना विभागीय अनुमति के न करें।

नगर तथा ग्राम योजना विभाग के महानिदेशक से लाईसैंस अनुमति लेने उपरांत ही कृषि भूमि को रिहायशी अथवा वाणिज्यिक उपयोग के लिए परिवर्तित करें अन्यथा चूककर्ताओं के खिलाफ विभागीय कार्यवाही की जाएगी। इसीलिए आम जन से बार-बार कहा जाता रहा है कि किसी भी अवैध कॉलोनी में कोई प्लाट प्रॉपर्टी डीलर्स के बहकावे में आकर न खरीदें और न ही अवैध निर्माण करें।

इसके अतिरिक्त कोई भी प्लॉट खरीदने से पहले कॉलोनी की वैधता बारे व निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार अनुमति लेने बारे जिला नगर योजनाकार कार्यालय से किसी भी कार्यदिवस में पता किया जा सकता है। जिला नगर योजनाकार ने बताया कि भविष्य में जिले में अन्य स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी।



नारनौल। अवैध निर्माण ध्वस्त करती जेसीबी। फोटो :हरिभूमि

### नगर पालिका दस्ते की दस्तक से दुकानदारों में मचा हड़कंप

# महेंद्रगढ़ शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नगर पालिका टीम की ओर से वीरवार को शहर के बाजारों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नगर पालिका दस्ते ने जैसे ही बाजार में दस्तक दी, तो दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान पालिका कर्मचारियों ने रोड पर अतिक्रमण करके रखे हुए सामान को जब्त कर लिया। यह अभियान नगर पालिका कार्यालय से शुरू होकर, शंकर मार्केट, बालाजी चौक, सीएसडी कैंटीन, बस स्टैंड, चौधरी रणबीर सिंह हुड्डा पार्क, राव तुलाराम चौक, आईटीआई रोड, आंबेडकर चौक, शॉपिंग कॉम्पलैक्स, ऑटो मार्केट सहित अन्य मुख्य मार्गों पर चलाया गया।

अभियान दरोगा राजेंद्र कुमार, सुमित की देखरेख में चलाया गया। अभियान के दौरान पालिका कर्मचारियों ने शहर के मेन बाजारों में रोड पर अतिक्रमण करने वाले लोगों के सामान को उठाकर पालिका वाहनों में डाल लिया। पालिका की इस कार्रवाई को देखकर अन्य व्यापारियों ने पहले ही अपना रोड पर रखा सामान समेटकर दुकानों के अंदर कर लिया। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी है। नगर पालिका कर्मचारियों ने रोड पर रखे मेज, साइन बोर्ड, रेहड़ी, संदूक, फ्लैक्स सहित अन्य सामान अपने कब्जे लिया।

### जारी रहेगा अभियान

नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान ने कहा कि नगर पालिका की ओर से समय-समय पर यह कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा कोई दुकानदार बार-बार अतिक्रमण करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कदम उठाया जाएगा। नगर के मुख्य मार्गों पर बढ़ते अवैध कब्जा नगर की सुंदरता व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए काफी गंभीर समस्या है। इससे न केवल आम नागरिकों को परेशानी होती है। साथ ही यातायात जाम होने की स्थिति में वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।



महेंद्रगढ़। रेहड़ी चालक को हिदायत देते दरोगा रिंकू व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### अतिक्रमण बन रहा है शहर में जाम का कारण

दुकानदारों की ओर से रोड पर सामान रखने के कारण हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है, जिससे आमजन के साथ-साथ वाहन चालक भी परेशान हैं। रेहड़ियां आवागमन में बाधा उत्पन्न कर रही हैं। दुकानदारों की ओर से आधी से ज्यादा सड़क पर सामान रख दिया जाता है। बाकि सड़क पर दुकानदार और ग्राहकों के वाहन खड़े हो जाते हैं। ऐसे में राहगीरों और वाहन चालकों के हिस्से मुश्किल एक चौथाई सड़क ही आती है। पालिका अधिकारियों के अनुसार शहर के मेन बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने व शहर के सौंदर्यीकरण के लिए शहर को अतिक्रमण मुक्त आवश्यक है। इस कार्य में आमजन का सहयोग भी जरूरी हैं।

## सीएम विंडो पर शिकायत, सचिव ने कनीना चौक पर हटवाया अतिक्रमण

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका की टीम ने सीएम विंडो की शिकायत पर कनीना चौक पर नगर पालिका सचिव प्रशांत पारासर की देखरेख में अतिक्रमण हटाया गया। इस मौके पर उनके साथ जेई मनीष कुमार व पवन कुमार विशेष रूप से मौजूद थे। इस मौके पर नगरपालिका अटेली के सचिव प्रशांत पारासर ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा 11 सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके दौरान शहर में कहीं पर भी अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए मुहिम चलाई जा रही है। वहीं शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए सभी की जन भागीदारी होगी। कनीना चौक पर जो अतिक्रमण हटाया गया है, जिसकी शिकायत लोगों द्वारा की जा रही थी। सीएम विंडो एवं कष्ट निवारण कार्यक्रम में भी शिकायत आ चुकी थी। इसके पश्चात नगर पालिका ने यह कार्रवाई की है। सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण आम नागरिकों की आवाजाही में बाधा बनता है और यातायात व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। अटेली नगर पालिका का प्रयास है कि शहर की सड़कें अतिक्रमण मुक्त रहें ताकि आमजन को सुगमता से आवागमन मिल सके। जो भी व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करेगा उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।





मंडी अटेली। कनीना चौक अटेली में अतिक्रमण हटाते हुए। फोटो : हरिभूमि

बच्चो, नन्ही उम्र में भी बड़ी से बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है, अगर हौसले बुंदल हों तो। यह बात स्पोर्ट्स की फील्ड में भी लागू होती है। हम तुम्हें विभिन्न खेलों में बेहद कम उम्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश का नाम रोशन करने वाले कुछ नन्हे खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं। बच्चो, तुम इनसे प्रेरणा लो और तुम भी अपना नाम रोशन करो।

मिसाल
शिखर चंद जैन

# छोटी उम्र के बड़े खिलाड़ी




## वैभव सूर्यवंशी
### आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी

**19 अप्रैल** 2025 को बिहार के वैभव सूर्यवंशी 14 वर्ष और 23 दिन की उम्र में जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ राजस्थान रॉयल्स टीम के लिए डेब्यू किया और इसके साथ ही वह आईपीएल में सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। उन्होंने पहली ही गेंद पर छक्का लगाकर अपने करियर की शुरुआत शानदार अंदाज में की। वैभव ने आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाकर रिकॉर्ड बनाया और टी-20 क्रिकेट में सबसे कम उम्र में शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने। वैभव ने जनवरी में बिहार की तरफ से फर्स्ट क्लास क्रिकेट में डेब्यू किया था और अंडर-19 टेस्ट सीरीज में शतक बनाया था। वैभव ने 12 साल और 284 दिन की उम्र में बिहार के लिए रणजी ट्रॉफी में पदार्पण किया था, जिससे वह सबसे कम उम्र के डेब्यू करने वाले खिलाड़ियों में से एक बन गए। *

## तन्वी पत्री
### बैडमिंटन में बढ़ती पहचान

**जूनियर पीवी** सिंधु के नाम से मशहूर ओडिशा की तन्वी पत्री जब स्वर्ण पदक जीतकर अंडर-15 गर्ल्स एशियन चैंपियन बनीं तो हर किसी की नजर उन पर टिक गई। तन्वी ने 5 साल की उम्र से बैडमिंटन खेलना शुरू कर दिया था।




13 साल की उम्र तक आते-आते वह बैडमिंटन की दुनिया का जाना-पहचाना चेहरा बन गईं। तन्वी ने स्टेट के साथ-साथ नेशनल-इंटरनेशनल लेवल पर कई स्पोर्ट्स इवेंट्स में भाग लिया और कई पदक अपने नाम किए हैं। तन्वी के माता-पिता रबी नारायण पत्री और शैलबाला सॉफ्टवेयर इंजीनियर हैं। वह पहले चीन में काम करते थे, यहीं तन्वी ने बैडमिंटन खेलना शुरू किया। तन्वी ने 2017 और 2020 के बीच चीन में नौ खिताब जीते थे। इसके बाद उनका परिवार कोविड-19 महामारी के कारण भारत लौट आया। 2022 में प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी (पीपीबीए) में शामिल हो गईं। तन्वी टैंकिंग बैडमिंटन चैंपियनशिप में लड़कियों का एकल खिताब जीतने वाली ओडिशा की पहली शटलर बनीं। वह चीन के चेंगदू में चेंगदू विश्वविद्यालय में एशियाई जूनियर (यू-15 यू-17) बैडमिंटन चैंपियनशिप में महिला अंडर-15 एकल में स्वर्ण पदक जीतने वाली तीसरी भारतीय शटलर बनीं। तन्वी का सपना है कि वह ओलंपिक में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतें। *

## लव-कुश
### देश के सबसे नन्हे पहलवान

**मथुरा निवासी** 6 वर्षीय दो जुड़वा भाई लव-कुश को देश के सबसे छोटे पहलवानों के रूप में पहचाना जाता है, जो अपनी छोटी उम्र में इतनी शारीरिक शक्ति के लिए जाने जाते हैं। वे दोनों रोजाना कई किलोमीटर दौड़ते हैं और बड़ी संख्या में सपाटे (दंड-बैठक) मारते हैं। लव-कुश सोशल मीडिया पर काफी प्रसिद्ध हैं। लव-कुश ने 5 साल की उम्र में वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था, जिसमें 50 मिनट में 1000 सपाटे और 10 किलोमीटर की दौड़ शामिल थी। *



## धिनिधि देसिंघु
### लहरों से खेलने वाली लड़की



**कर्नाटक के** बेंगलुरु की रहने वाली 14 वर्षीय धिनिधि देसिंघु, एक भारतीय तैराक हैं। वैसे तो वह 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्वीमिंग में एक्सपर्ट है लेकिन इसके साथ ही वह 100 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में भी पार्टिसिपेट करती है। धिनिधि ने पिछले वर्ष पेरिस में आयोजित ग्रीष्मकालीन ओलंपिक में महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा के लिए अर्हता प्राप्त की थी। वह पेरिस ओलंपिक के साथ-साथ 2022 के एशियाई खेलों में भी सबसे कम उम्र की भारतीय एथलीट भी थीं। धिनिधि ने 2018 में तैराकी को एंटरटेनिंग स्पोर्ट के रूप में शुरू किया था। लेकिन जल्द ही प्रतिस्पर्धी तैराकी को अपना लिया। वह 2023 में सुर्खियों में आईं, जब उन्होंने जूनियर और सब-जूनियर नेशनल एक्वेटिक चैंपियनशिप में 100 मीटर फ्रीस्टाइल में नेशनल रिकॉर्ड बनाया। इसके साथ ही 200 मीटर फ्रीस्टाइल और 200 मीटर इंडिविजुअल मेडले में दो और रिकॉर्ड बनाए। धिनिधि ने गोवा में हुए राष्ट्रीय खेलों में सात स्वर्ण पदक जीते और दोहा में हुई विश्व चैंपियनशिप में भी हिस्सा लिया। 2024 में धिनिधि ने कर्नाटक मिनी ओलंपिक, कर्नाटक जूनियर और सब-जूनियर एक्वेटिक चैंपियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता। *

# क्यों जरूरी है खेलना

जरूरी बात
मोनिका शर्मा



**खे**लना, हर बच्चे को खूब भाता है। स्कूल का ग्राउंड हो या घर का आंगन या फिर गली-मोहल्ला, यहां अपने फ्रेंड्स के साथ खेलते हुए सबसे ज्यादा खुशी मिलती है। खेलते समय ही नए दोस्त भी बनते हैं। अपनी टीम बनाने और जीतने के ट्रिक्स सीखने का मौका भी मिलता है। मेहनत से जीत पाने का आत्मविश्वास और जज्बा भी आता है। एक्टिव और फिट रहने में मदद मिलती है। शरीर ही नहीं, मन ऊर्जा से भर जाता है। ऐसी बहुत सी प्यारी और जीवन से जुड़ी जरूरी बातों को सीखने के लिए खेलना बहुत जरूरी है।

**छोड़ो स्क्रीन गेम:** बच्चो, यह चिंता की बात है कि तुम सबका धमा-चौकड़ी मचाते, भागते-दौड़ते हुए, खेलना अब कम होता जा रहा है। असल में स्मार्ट गैजेट्स तुम्हारा खेलने का समय चुरा रहे हैं। तुम सब स्क्रीन के मैदान में ही खेलने लगे हो। कभी कुछ कंटेंट देखते रहते हो या कोई वीडियो गेम खेलते हो। यह सही नहीं है। बच्चो, स्क्रीन के गेम छोड़कर घर से बाहर निकलना और अपनी रुचि का कोई खेल खेलना जरूरी है। स्क्रीन वाले गेम्स तुम्हारी आईसाइट कमजोर करते हैं। दिमाग को थकाते हैं। शरीर का पॉश्चर बिगाड़ते हैं। वहीं दूसरी ओर बैडमिंटन, टेबल टेनिस, क्रिकेट, फुटबॉल, वॉलीबॉल जैसे मैदान में खेलने वाले गेम्स दिमाग के साथ शरीर को एक्टिव और ऊर्जावान रखते हैं। घर के अंदर खेले जाने वाले शतरंज, कैरम और लूडो जैसे गेम्स सोचने-समझने की शक्ति बढ़ाते हैं।



**खेलो नए पुराने खेल:** बच्चो, कबड्डी, लुका-छिपी, खो-खो, सतोलिया, स्टापू, रस्सी कूद, गिल्ली डंडा, रुमाल झपट, लट्टू और कंचा जैसे कई मजेदार खेलों को अब लोग भूल रहे हैं। ऐसे ट्रेडिशनल खेल शरीर और दिमाग दोनों को एक्टिव बनाने वाले हैं। बच्चो, इन खेलों को तुम मम्मी-पापा या दादू-दादी के साथ भी खेल सकते हो। तुम्हारे साथ में उनको भी बहुत खुशी मिलेगी। इससे फिटनेस, फोकस और सक्रियता जैसी सौगातें तो हिस्से आएंगी ही, अपनों का प्यार भी मिलेगा। उनके साथ मस्ती भरा समय बीतेगा। परिवार के बड़े मेंबर्स के साथ उनके बचपन से जुड़े खेल खेलते हुए टाइम बिताना फैमिली बॉन्डिंग को मजबूत करेगा।

**खेलने से अनगिनत फायदे:** बच्चो, खेल खेलने से अनगिनत फायदे होते हैं। नियमित खेलने की आदत बनते ही तुम्हें अपने आप में कई पॉजिटिव बदलाव दिखने लगेंगे। आउटडोर हो या इंडोर, अपनी रुचि का खेल खेलने से तुम परिस्थितियों से लड़ना सीखोगे। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर अच्छा असर पड़ेगा। टीम स्पिरिट बढ़ेगी। हार-जीत से दूर मेहनत करते रहने की सोच को बल मिलेगा। यह बात पढ़ाई में भी बेहतर परफॉर्म करने में मदद करने वाली है। असल में खेल दिमाग को सक्रिय रखते हैं। इसलिए कुछ नया सीखने में भी आसानी रहती है। तुम्हारे डेली रुटीन में डिसीप्लीन आ जाएगी। इमोशनली भी किसी बात से परेशान होने के बजाय खेल हर इंसान को धैर्य और समझ के साथ जीवन के मैदान में डटे रहना सिखाते हैं। जिंदगी के हर फ्रंट की बेहतरी खेलों से जुड़ी है। बच्चो, इन बातों को जानकर तो तुम समझ ही गए होगे कि क्यों जरूरी है खेलना? *

तुम्हारे लिए नई किताब / समीर गांगुली

# जुगनू जैसी चमकती कहानियां

**ब**च्चो, हाल में ही बाल कथाओं की एक किताब आई है, जिसका नाम है- चमकते जुगनू। इसमें बड़ी मजेदार और कुछ अलग मिजाज की 10 कहानियां हैं। हालांकि पुस्तक के शीर्षक वाली कहानी छठे क्रम में आती है, लेकिन यहां तक पहुंचते तुम्हें देर नहीं लगेगी। इन कहानियों को पढ़कर तुम्हें बोरियत महसूस नहीं होगी और न ही ऐसा लगेगा कि जबर्दस्ती कोई तुमको सीख दे रहा है या पाठ पढ़ा रहा है। इन कहानियों में हर कैरेक्टर की अपनी अलग भाषा है। हर कहानी में एक ताजगी है, उत्सुकता जगाती है। तुम पहले से अंदाजा नहीं लगा पाओगे कि आगे क्या होगा? पहली कहानी 'दादाजी का दर्द' एक सबक है एक बच्ची का, उन बड़ों को, जो मोबाइल की बुराई करने से पीछे नहीं हटते। इसी तरह 'गंदा काम-अच्छा काम' कहानी एक प्यार भरी थपकी से कितनी बढ़िया बात कह जाती है। 'चमकते जुगनू' कहानी में जुगनू नाम का बच्चा, असली जुगनुओं की तलाश में निकल पड़ता है। कहानी पर्यावरण का महत्व बताती है। दीपावली, ईद, नए साल और अप्रैल फूल जैसे विषयों पर भी बहुत रोचक कहानियां तुम इस किताब में पढ़ सकते हो। *




**किताब:** चमकते जुगनू (कहानी संग्रह), **लेखक:** विज्ञान भूषण
**मूल्य:** 149 रुपए, **प्रकाशक:** सर्वभाषा ट्रस्ट, नई दिल्ली

बूझो तो जानें / डॉ. राकेश चक्र

1. **कुछ होते** हैं घर के अंदर कुछ होते मैदान में।
शक्ति बढ़ती तन और मन की नाम बताओ कान में।।

2. **न ही** लू है गर्मी वाली न ही वह घर का डोर
चार हैं खाने सोलह गोटियां चार ही बच्चे न हों बोर।।

3. **चार भुजाएं** रहें बराबर चार गोल कोनों पर छेद।
एक स्ट्राइकर, उन्नीस गोटियां लाल, काली और सफेद।।

उत्तर: 1.खेल, 2.लूडो, 3.कैरम

## जीके क्विज-168

1. जुलाई-2025 का आइसीसी मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ किस क्रिकेटर को चुना गया?
2. किस भारतीय खिलाड़ी को 'हॉकी का जादूगर' उपनाम से जाना जाता है?
3. ओलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक किसने जीता था?
4. मनिका बत्रा का संबंध किस खेल से है?
5. खेलों से संबंधित द्रोणाचार्य पुरस्कार किसे प्रदान किया जाता है?
6. भारत का सबसे बड़ा स्पोर्ट्स स्टेडियम कौन-सा है?
7. फुटबॉल में एक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं?
8. डेविस कप किस खेल से संबंधित है?
9. 'एलबीडब्ल्यू' टर्म किस खेल से संबंधित है?
10. भारत में खेलों से संबंधित कौन सा सबसे बड़ा पुरस्कार दिया जाता है?



बच्चो, जीके क्विज-168 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-167 का उत्तर :** 1.रोहित कृष्ण, 2.सोडियम और क्लोराइड, 3.मनिका विश्वकर्मा, 4.मेजर ध्यानचंद, 5.मुंबई, 6.बारिश या तूफान का संकेत, 7.यमुना, 8.ब्राजील, 9.नाइट्रोजन, 10.यूएसए और कनाडा

**जीके क्विज-167 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ-बिलासपुर, नैतिक-मानपुर, कबीर-हिसार, तुषार-रायपुर, आदित्य-रोहतक, कुसुम-भोपाल, संकेत-रायगढ़, अंकुर-बेमेतरा, रोहन-बालोद, कनिष्क-दिल्ली, सार्थक-महासमुंद

खेल कोई भी हो, जीत आसानी से नहीं मिलती, इसके लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। विजित कई साल से साइकिल रेस में जीत हासिल नहीं कर पा रहा था, लेकिन इस बार उसने साइकिल रेस की तैयारी बहुत जमकर की फिर जो हुआ वह जीवन के लिए एक बड़ा सबक था।

# साइकिल रेस





कहानी
पूनम पांडे

**बा**र-बार विजित को एक ही सपना आ रहा था। आज फिर उसने वही सपना देखा- उसने साइकिल रेस में भाग लिया है, वह जीत गया है। विजित को यह सपना उसे एक नए उत्साह से भर देता। ऐसा नहीं था कि विजित केवल सपना ही देखता था। वह मन लगाकर दिन-रात साइकिल रेस के लिए तैयारी में लगा था। विजित उन लोगों के पास भी निरंतर जाता रहता था, जिन्होंने पिछले कुछ सालों में साइकिल रेस जीती थीं। इनसे वह साइकिल रेस जीतने के लिए अच्छे टिप्स लेता। विजित इस बात को अच्छी तरह समझता था, चैंपियन बनने के लिए लगन के साथ कड़ी मेहनत करनी होगी। विजित जिस कॉलोनी में रहता था, उस कॉलोनी में कोई न कोई किसी खेल में पारंगत था। कोई शतरंज का, कोई तैराकी का तो कोई टेनिस या कोई साइकिल रेस का चैंपियन था।

विजित को पांच-छह साल की आयु से बहुत अच्छी तरह साइकिल चलानी आ गई थी। अब वह बारह साल का था। विजित का मन उससे बार-बार यही कहता था, अगर वह मन लगाकर सही ढंग से रेस की प्रैक्टिस करेगा तो जीत जरूर हासिल होगी।

वैसे विजित पहली बार साइकिल रेस में भाग नहीं ले रहा था। वह पिछले तीन साल से रेस में भाग ले रहा था। लेकिन उसकी तैयारी इस स्तर की नहीं रहती कि वह जीत सके। विजित के मन में साइकिल रेस जीतने की प्रबल इच्छा थी। यही इच्छा उसको अतीत में हुई पराजय की शर्मिंदगी से बाहर ला सकती थी। इस बार भी विजित ने साइकिल रेसिंग कॉम्पिटिशन में अपना नाम लिखवा दिया था। अगले महीने साइकिल रेस होनी थी। विजित अपनी पढ़ाई के साथ साइकिल रेस की प्रैक्टिस में जी-जान से जुटा था। जब वह तेज गति से साइकिल के पैडल मारने की प्रैक्टिस करता तो उसके पैरों में दर्द होने लगता था। पहले भी रेस की तैयारी में उसके पैरों में दर्द हो जाया करता था, लेकिन वह किसी को बताता नहीं था। इस बार उसने यह बात अपने मम्मी-पापा से छुपाई नहीं, उनकी सलाह ली। स्कूल में खेल शिक्षक से भी बात की, उन्होंने जो सलाह दी, उस पर अमल किया। उसकी मम्मी ने भी उसे पैरों के कुछ ऐसे व्यायाम बताए, जो पैरों की नसों को मजबूत करते हैं। मम्मी ने उसको कुछ आसनों को करने की विधि बताई, जो वह नियमित करता। इन आसनों को करने से उसकी शारीरिक ही नहीं भीतरी शक्ति भी बढ़ी।

विजित ने मन ही मन यह भी सोच लिया था, अगर वह इस बार भी साइकिल रेस में हारा तो कतई निराश नहीं होगा। पिछली बार की तरह सुबकते हुए घर नहीं आएगा। इसके लिए ना तो साइक्लिंग ट्रैक को और ना ही मौसम को जिम्मेदार ठहराएगा। वह अपनी हार के लिए किसी को बुरा-भला कहकर उसे पीठ पीछे अपमानित भी नहीं करेगा। अपनी हार के सदमे में ना आकर आगे और बेहतर करके जीत का संकल्प लेगा। वह साइकिल रेस को जीवन के लिए एक नया अनुभव और सबक मानेगा। इसी सकारात्मक सोच को मन में संजोकर विजित हर रोज जोश और जज्बे के साथ साइकिल रेस का अभ्यास करता रहा। उसने साइकिल रेस के लिए खुद को काफी अच्छी तरह तैयार कर लिया था।

रेस वाला दिन आ गया। इस बार उसे ना तो घबराहट हो रही थी, ना तनाव और न कोई चिंता। वह निश्चिंत होकर प्रतियोगिता मैदान में आकर बाकी प्रतिभागियों के साथ कतार में खड़ा हो गया। सभी प्रतिभागियों को निर्देश दिए गए। सीटी बजी, एक-दो-तीन की आवाज के साथ रेस आरंभ हुई। इस बार कमाल हो गया। विजित सबसे आगे था। बड़ी आसानी से विजित ने साइकिल रेस पूरी की। वह प्रथम आया। वह आज बहुत खुशी के साथ ट्रॉफी लेकर घर आया। मम्मी-पापा ने उसे गले लगाया और शाबाशी दी। पापा बोले कि रविवार को उसे अपने साथ शहर के प्रसिद्ध खेल म्यूजियम की सैर कराने ले जाएंगे। रविवार को विजित म्यूजियम गया। उसने वहां पुराने समय के बड़े-बड़े चैंपियंस की फोटोज देखीं, उनसे जुड़ी जानकारी ली, जो उसके लिए बहुत इंस्पायरिंग थी। विजित ने संकल्प लिया, वह भी इनकी तरह खेल की दुनिया में कोई बड़ी जीत हासिल करेगा, अपने देश का गौरव बढ़ाएगा, अपना नाम भी रोशन करेगा। *

कविता
डॉ. कमलेंद्र कुमार श्रीवास्तव



## आओ भैया खेलें खेल

आओ भैया खेलें खेल
चोर-पुलिस हम आओ खेलें
बन राजू एक सिपाही।
मैं इंस्पेक्टर बन जाऊंगी,
इक चोर बनेगी माही।
भैया तुम सरदार बनोगे,
भेजूंगी मैं सबको जेल।
आओ भैया खेलें खेल।
छुपन-छुपाई आओ खेलें,
राजू, माही आएंगे।
सौ तक गिनती बोलोगे तुम,
हम सब तब छुप जाएंगे।
टीप पड़ेगी तुम पर भैया,
कर देंगे हम तुमको फेल।
आओ भैया खेलें खेल।
डॉक्टर-डॉक्टर आओ खेलें,
अब बात सुनो तुम मेरी।
तुम मरीज बन जाना मेरे,
तुम तनिक न करना देरी।
तुमको सुई लगाऊंगी मैं,
मत तुम खाना पूड़ी भेल।
आओ भैया खेलें खेल।
ट्रेन-ट्रेन हम आओ खेलें,
आपस में मिलजुल सारे।
डिब्बे माही, राजू बनकर,
तुम गार्ड लगोगे प्यारे।
इंजन बन नानी घर जाऊं,
कितनी अच्छी अपनी रेल।
आओ भैया खेलें खेल।

## अंतर बताओ

बच्चो, यहां फुटबॉल खेल रहे कुछ लड़कों के एक जैसे दिखने वाले दो चित्र दिए गए हैं। ये दोनों चित्र भले ही एक जैसे दिख रहे हों, लेकिन इनमें पांच अंतर हैं। तुम तीन मिनट में सभी पांच अंतर ढूंढकर बताओ।



उत्तर: 1.फुटबॉल पर ब्लैक स्पॉट्स नहीं है। 2.बाईं तरफ के लड़के की स्पोर्ट्स टीशर्ट का प्रिंट अलग है। 3.गोल कीपिंग कर रहे लड़के की टीशर्ट पर नंबर प्रिंट नहीं है। 4.दाहिनी तरफ लाल टीशर्ट पहने लड़के के एक पैर में मोजा नहीं है। 5.बैकग्राउंड में दाहिनी तरफ हरियाली कम दिख रही है।

## गिनकर बताओ

बच्चो, यहां अलग-अलग स्पोर्ट्स में यूज होने वाली बॉल्स के कई सारे चित्र दिए गए हैं। तुम गिनकर बताओ कि यहां कौन-सी बॉल कितनी संख्या में है?



# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित होगी विज्ञान नाटक प्रतियोगिता

- दो सितम्बर को सुबह साढ़े आठ बजे से ब्लाक स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता होगी
- नाटक की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ाने के लिए ले सकते है वेशभूषा, नृत्य, संगीत, मूकाभिनय व मॉडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

राजकीय एवं अराजकीय विद्यालयों के छठीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर ब्लॉक से राष्ट्रीय स्तर तक विज्ञान नाटक प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद गुरुग्राम के तत्वावधान में डीईओ के दिशा निर्देशानुसार सभी बीईओ द्वारा दो सितंबर को सुबह साढे आठ बजे से ब्लॉक स्तरीय विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का आयोजन संबंधित खंड के विद्यालय में किया जाएगा। इसके बाद जिला स्तरीय विज्ञान संगोष्ठी प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिसमें पांचों खंडो में खंड स्तर पर आयोजित विज्ञान नाटक प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेता टीमों के विद्यार्थी भाग लेंगे।

जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा छठीं से दसवीं कक्षा के सरकारी और निजी स्कूलों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। नाटक मानव जाति के कल्याण के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विषय पर आयोजित होगा और यह विज्ञान में महिलाएं स्मार्ट कृषि डिजिटल इंडियार सशक्त जीवन, सभी के लिए स्वच्छता एवं हरित प्रौद्योगिकियां, इन पांच उप विषयों पर आधारित हो सकता है और यह एक निश्चित वैज्ञानिक संदेश देने वाला होने वाला चाहिए। एक विद्यालय से एक ही टीम भाग ले सकती है, टीम में एक निर्देशक और एक पटकथा लेखक होना चाहिए। नाटक की भाषा अंग्रेजी, हिंदी या कोई अन्य मान्यता प्राप्त भारतीय भाषा हो सकती है और नाटक की अवधि 30 मिनट से अधिक नहीं होनी चाहिए।

### क्या कहते है डीईओ



*नाटक की प्रस्तुति के 50 अंक नाटक में वैज्ञानिक विषयवस्तु के 30 अंक एवं नाटक की प्रभावशीलता के 20 अंक निर्धारित किये गये है। जिला शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने कहा कि साइंस ड्रामा का आयोजन विद्यार्थियों को नाटक के माध्यम से विज्ञान के बारे में अपने विचारों को व्यक्त करने का अवसर देता है। यह जटिल वैज्ञानिक विचारों को सरल और सुलभ तरीके से प्रस्तुत करने का एक रचनात्मक माध्यम है। नाटक की कहानी कहने और प्रदर्शन कला का उपयोग करके विज्ञान को दिलचस्प और मनोरंजक बनाया जाता है। सभी विद्यालय इसमें बढ़ चढ़कर भाग ले।*

### विज्ञान नाटक प्रतियोगिता का उद्देश्य

सरकार द्वारा विद्यार्थियों को संचार के एक माध्यम के रूप में नाट्य विधा के अन्वेषण और प्रयोग हेतु प्रोत्साहित करने हेतु हर वर्ष उत्तर भारत विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। रंगमंच या नाटक हमारे समाज की एक प्राचीन सांस्कृतिक विधा है, जिसका उपयोग मनोरंजन और सामाजिक संवाद अर्थात सामाजिक संदेश देने के माध्यम के रूप में भी किया जाता रहा है। दूसरे शब्दों में अप्रत्यक्ष रूप से समाज को सुधारने और इस प्रकार सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए इसका उपयोग किया जाता है। इस माध्यम की प्रभावशीलता को समझते हुए और अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इस रचनात्मक माध्यम में भाग लेने के लिए प्रेरित करने हेतु विज्ञान नाट्य महोत्सव के आयोजन का प्रयास किया जा रहा है। प्रत्येक ब्लॉक से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की टीम जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। प्रत्येक जिले से केवल एक विजेता टीम राज्य, केद्र शासित प्रदेश स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेते हैं और राज्य, केद्र शासित प्रदेश से प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों की टीम उत्तर भारत विज्ञान नाट्य प्रतियोगिता में भाग लेती है।

## फिट इंडिया वेबसाइट/ऐप पर पंजीकरण कराकर अपलोड करें गतिविधियां

नारनौल। जिला में 29 से 31 अगस्त तक चलने वाले राष्ट्रीय खेल उत्सव को लेकर वीरवार नगराधीश डॉ मंगलसेन ने अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस को राष्ट्रीय खेल दिवस के तौर पर मनाया जाएगा। इस दौरान फिट इंडिया अभियान के तहत होने वाले इन खेलों की मुख्य टैगलाइन 'हर गली, हर मैदान खेले सारा हिंदुस्तान' तथा 'खेल भाई खेल' रहेगी। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया है कि वे युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा बनाये गये फिट इंडिया वेबसाइट/एप्प पर पंजीकरण कराकर अपनी गतिविधियां अपलोड करके फिट इंडिया स्कोर बना सकतें हैं और फिट इंडिया ऐप पर रोजाना का रूटीन बना कर अपने आप को फिट रख सकतें हैं।

## डिगरोता में रात्रि ठहराव कार्यक्रम, डीसी ने मौके पर किया जनसमस्याओं का समाधान

# जिला प्रशासन का जनता से सीधा संवाद रात्रि ठहराव का मुख्य उद्देश्य: उपायुक्त

उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी हर समस्या का निवारण करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतनाली मंडी




सतनाली। गांव डिगरोता में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों की शिकायत सुनते डीसी। फोटो : हरिभूमि

सतनाली खंड के गांव डिगरोता में रात्रि ठहराव जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने ग्रामीणों द्वारा रखी गई अधिकतर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया तथा शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा कुल 23 समस्याएं रखी गईं।

इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी हर समस्या का निवारण करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। रात्रि ठहराव कार्यक्रम सरकार की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके अंतर्गत प्रशासन गांव स्तर तक जाकर लोगों से सीधे संवाद करता है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम से न केवल ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हो पाता है, बल्कि प्रशासन को गांव की जमीनी हकीकत समझने का अवसर भी मिलता है। डीसी की अध्यक्षता में गांव के राजकीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आयोजित रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लेते हुए लाभ उठाया। डीसी ने विद्यालय परिसर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया और सम्बंधित स्टॉल पर आमजन की सुविधा के लिए प्रदत्त योजनाओं की जानकारी प्रभावी रूप से लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। डीसी ने विद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए ग्रामीणों को पेड़ लगाने के लिए भी प्रोत्साहित किया। साथ ही गांव में सफ़ाई व्यवस्था को भी दुरूस्त रखने की अपील की।

### स्टॉल लगाकर योजनाओं की दी जानकारी

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने अपनी स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनका पूर्ण लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। विभागीय अधिकारियों ने मंच से भी अपनी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए उनका फायदा उठाने की पूर्ण प्रक्रिया से अवगत करवाया। इस अवसर पर सीईओ जिला परिषद उदय सिंह, एसडीएम कनिका गोयल, नगराधीश डॉ मंगलसेन, डीएसपी दिनेश कुमार, सीएमओ डा. अशोक, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, तहसीलदार अजय कुमार, नायब तहसीलदार निशा तंवर, खंड शिक्षा अधिकारी अलका, सरपंच पूनम शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष यतेंद्र राव, जिला महामंत्री योगेश शास्त्री, अभिषेक शर्मा सहित अन्य अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने ग्रामीणों को नशा मुक्ति व महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि गांव में कोई भी व्यक्ति नशीले पदार्थ बेचता है तो इसकी सूचना पुलिस को दे। उन्होंने कहा कि अभिभावक स्कूल व कॉलेज में पढ़ने वाली लडकियों को डायल 112 के प्रति जागरूक करें और रास्ते में किसी भी प्रकार का खतरा महसूस होने पर 112 पर सूचित करें। पुलिस विभाग हमेशा आपकी सुरक्षा के लिए तैयार है। शिविर में बिजली, पानी, अवैध कब्जा, परिवार पहचान पत्र में संशोधन, पेंशन इत्यादि की समस्याएं रखी गई। उपायुक्त ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्या का समाधान निर्धारित समयावधि में किया जाएगा। जनसंवाद कार्यक्रम में गांव डिगरोता के अलावा अन्य गांवों के ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं प्रस्तुत की।



## सीएल स्कूल के विद्यार्थियों ने किया सराहनीय प्रदर्शन

नारनौल। स्कूली गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित खेलों में सीएल पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। खंडस्तर पर एथिलेटिक्स प्रतियोगिता में बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 20 स्वर्ण पदक, 24 रजत पदक और 10 कांस्य पदक प्राप्त किए। इसके साथ ही जिला स्तर पर स्कूल की फुटबॉल टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के छात्र गीतांशु पुत्र सुरेन्द्र जलवान ने चेस, आरव पुत्र प्रवीन, अवनी पुत्री सचिन कुमार, मानसी पुत्री अरूण शर्मा, रितविक पुत्र विशाल यादव, वंशिका पुत्री संदीप कुमार, कुनाल पुत्र सुनील कुमार, जतिन पुत्र पूरनमल, चेतन पुत्र हेमंत सोनी ने स्केटिंग और भव्या पुत्री धर्मपाल सैनी, शिवम पुत्र मुकेश गोयल, गणेश भारद्वाज पुत्र राजकुमार भारद्वाज ने टाईक्वाडों में राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। इनकी इस उपलब्धि पर संस्था के प्रबंधक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने सभी बच्चों को बधाई देते भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य रविन्द्रसिंह ने बच्चों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिरभोज की मनाई जयंती



कनीना। गांव बाघोत में राष्ट्रीय वीर गुर्जर समन्वय समिति के युवा नेता बीडीसी सदस्य महीपाल नम्बरदार बागोत के नेतृत्व में युवाओं ने गुर्जर प्रतिहार सम्राट मिहिरभोज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। महिपाल नम्बरदार ने बताया कि विक्रम संवत 873 (816 ईस्वी) में जन्में मिहिरभोज ने मात्र 20 वर्ष की आयु मे सिंहासन संभाला और अनेक भारतीय उपमहाद्वीप पर अपनी वीरता का परचम लहराया। उनका साम्राज्य मुल्तान से बंगाल और कश्मीर से महाराष्ट्र तक फैला था। उन्हें बलवान न्यायप्रिय धर्मरक्षक और राष्ट्ररक्षक शासक के रूप मे जाना जाता है। गुर्जर प्रतिहार वंश का भारतीय इतिहास में योगदान असाधारण है। 8वीं से 11वीं शताब्दी तक लगातार 300 वर्षों तक इस वंश ने अरब आक्रमणकारियों को रोके रखा था। इस मौके पर राधेश्याम गुर्जर, डॉ. राजेंद्र, संजय पहलवान, संदीप पहलवान, हरीश राठी, सोमबीर पहलवान, संजय प्रधान, बिजू गुर्जर, अनिल पहलवान, पवन गुर्जर, रवि अम्बावता, देवीलाल गुर्जर, छोटू पहलवान, साहिल, आशीष, अनुज, गजानंद, पवन लाडवाल आदि लोग उपस्थित थे।



महेंद्रगढ़। हैप्पी स्कूल के विद्यार्थी व स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

## सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में हैप्पी स्कूल का दबदबा

महेंद्रगढ़। हांसी स्थित श्री कृष्ण प्रणामी स्कूल में आयोजित सीबीएसई क्लस्टर गेम्स में हैप्पी स्कूल के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और संघर्ष के दम पर कई उपलब्धियां हासिल कर खेल मैदान में अपनी छाप छोड़ी। विद्यालय के अनुभवी कोच नरेश तंवर व प्रिंस कुमार के मार्गदर्शन में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। जैवलिन थ्रो अंडर 17 में भूमिका ने एक बार फिर अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता और राष्ट्रीय स्तर पर अपना स्थान सुनिश्चित करके विद्यालय का गौरव बढ़ाया। सबसे रोमांचक पल तब आया जब अंडर 17 रिले रेस 4×100 मीटर में विद्यालय की बेटियों भूमिका, मनीषा, महक व कोमल ने कड़े मुकाबले के बीच शानदार दौड़ लगाते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। इस गौरवपूर्ण क्षण पर विद्यालय परिवार में उत्साह और हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल, उप संचालिका कौशल्या अग्रवाल, प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल व मैनेजर चंचल अग्रवाल ने विजेता विद्यार्थियों को मंच पर सम्मानित किया। प्राचार्य डॉ. कुंतल ने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का आधार हैं और हैप्पी स्कूल के खिलाड़ी एक नई मिसाल कायम कर रहे हैं। संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



नारनौल। प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों के साथ स्कूल स्टॉफ सदस्य ।

## एचपीएस के विद्यार्थी राज्यस्तर पर करेंगे जिले का प्रतिनिधित्व

नारनौल। शहर के नांगल चौधरी रोड स्थित हरियाणा पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के ताइक्वांडो कोच हर्ष चौहान ने बताया कि एसजीएफआई द्वारा आयोजित जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हुए हरियाणा पब्लिक स्कूल में कक्षा 11 वीं से प्रीतिका पुत्री राजेश कुमार ने अंडर 17 आयु के 42 किलोग्राम भारवर्ग तथा निकिता पुत्री मुनेश कुमार अंडर 17 आयु के 68 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक जीता। कक्षा 10 वीं से महक पुत्री अजय कुमार ने अंडर 17 के 35 किलोग्राम भारवर्ग, रूचिका पुत्री रवि कुमार ने अंडर 17 के 44 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम, कक्षा 9वीं से साहिल पुत्र सुनील कुमार ने अंडर 14 के 38 किलोग्राम भारवर्ग, कक्षा 8 वीं से वर्षिका पुत्री राजवीर ने अंडर 14 के 38 किलोग्राम भारवर्ग, कक्षा सातवीं से जानवी पुत्री कर्मवीर ने अंडर 14 के 32 किलोग्राम भारवर्ग, कक्षा छठी से सोनम पुत्री महेश कुमार ने अंडर 14 के 26 किलोग्राम भारवर्ग में प्रथम, कक्षा 10 वीं से भावी राव पुत्री अनुज कुमार ने अंडर 17 आयु के 59 किलोग्राम भारवर्ग व कक्षा नौवीं से आदित्य पुत्र नीरज कुमार अंडर 17 के 38 किलोग्राम भारवर्ग में द्वितीय स्थान हासिल कर रजत पदक हासिल किया। विद्यालय डीन मनोज भारद्वाज ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय में शिक्षा के साथ उनकी खेल प्रतिभा को निखारने के लिए कोचिंग भी करवाई जाती है, ताकि बच्चे खेल के क्षेत्र में भी अपना भविष्य बना सकें। विजेता प्रतिभागी अब राज्यस्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय एमडी डॉ हितेश वर्मा, निधि वर्मा, निदेशक पुष्करमल वर्मा, डीन मनोज भारद्वाज व प्राचार्य सुनील कुमार ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## राष्ट्रीय शिक्षा संवाद में सिंघानिया विश्वविद्यालय के शीर्ष पदाधिकारियों की दमदार उपस्थिति

नारनौल। सिंघानिया विश्वविद्यालय ने एकबार फिर भारत की शिक्षा व्यवस्था को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को प्रदर्शित किया है। विश्वविद्यालय के नेतृत्व को देश के दो प्रतिष्ठित मंचों इलेट्स एजुकेशन समिट व सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) एजुकेशन समिट में वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार सेवानिवृत्त आईएएस व उपाध्यक्ष सुनील कुमार सोबती ने अकादमिक, उद्योग व नीति जगत के शीर्ष पदाधिकारियों के साथ मिलकर भारत में शिक्षा के भविष्य पर अपने विचार साझा किए। इलेट्स एजुकेशन समिट में डॉ. कुमार व सोबती ने उद्योग अकादमिक सहयोग को मजबूत करने, विश्वविद्यालयों को अनुसंधान, नवाचार व रोजगारपरक शिक्षा के केंद्र के रूप में विकसित करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि सिंघानिया विश्वविद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक कौशल व नैतिक मूल्यों से भी संपन्न करना है, ताकि वे बदलते विश्व में सफल हो सकें। सीआईआई एजुकेशन समिट में डॉ. मनोज कुमार ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में डिजिटल परिवर्तन, वैश्विक सहयोग और कौशल विकास की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने आश्वस्त किया कि सिंघानिया विश्वविद्यालय अपनी शैक्षणिक गतिविधियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, राष्ट्रीय कौशल विकास पहल और सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इन सम्मेलनों में सिंघानिया विश्वविद्यालय के शीर्ष पदाधिकारियों की सक्रिय भागीदारी इस तथ्य को रेखांकित करती है कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण, नवाचार आधारित और रोजगारपरक शिक्षा के साथ साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाते हुए राष्ट्रीय शिक्षा संवाद में अग्रणी योगदान दे रहा है।



नारनौल। सिंघानिया विश्वविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि




महेंद्रगढ़। इंडस वैली स्कूल के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## एसजीएफआई खेलों में इंडस वैली स्कूल का जिले में रहा दबदबा

महेंद्रगढ़। अभी हाल में हुए जिले स्तरीय एसजीएफआई खेलों में महेन्द्रगढ़ जिले में सबसे अधिक गोल्ड लेने वालों में इंडस वैली पब्लिक स्कूल दौंगड़ा अहीर का दबदबा रहा। संस्था के डीपीई मनोज कुमार ने बताया कि 23 से 26 अगस्त तक एसडी पब्लिक स्कूल ककराला में आयोजित खेलों में 40 गोल्ड, छह सिल्वर व 03 ब्रॉन्ज प्राप्त किए। उन्होंने बताया कि कुश्ती में लड़कों ने नौ व लड़कियों ने 21 गोल्ड मेडल प्राप्त किए। लड़कियां अंडर 11 में जानवी 20 किलोग्राम, हर्षिता 22 किलोग्राम, रीतिका 24 किलोग्राम, दीया 26 किलोग्राम, जानवी 30 किलोग्राम, मानवी 32 किलोग्राम, अवनी, अंडर 14 में नैन्सी 30 किलोग्राम, साक्षी 30 किलोग्राम, नंदिनी 39 किलोग्राम, छवि 42 किलोग्राम, सानिया 58, अंडर 17 में शिक्षा 40 किलोग्राम, नेहा 43 किलोग्राम, तमन्ना 46 किलोग्राम, हसी 49 किलोग्राम, नेहा 53 किलोग्राम, अपेक्षा 57 किलोग्राम, अंडर 19 में कोमल 50 किलोग्राम, रीत 57 किलोग्राम, अंशु 62 किलोग्राम में पदक प्राप्त किया। लड़कों में अंडर 11 मंयक 26 किलोग्राम, अंडर 17 में विवेक 71 किलोग्राम, सुमित 110 किलोग्राम, अंडर 19 में यंश 60 किलोग्राम, विनय 63 किलोग्राम, अक्षय 67 किलोग्राम, निखिल 77 किलोग्राम, पुनित 82 किलोग्राम व सुमित 97 किलोग्राम शामिल रहे।

## बालिकाएं शिक्षा, आत्मविश्वास के माध्यम से समाज में बदलाव की वाहक बन सकती हैं : सुमन

# दौंगड़ा अहीर व भोजावास में हुआ बालिका मंच समारोह

- समारोह के दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी
- समाज में बालिकाओं की भूमिका और अधिकारों पर प्रभावी संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना



नारनौल। संबोधित करते हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की सदस्य सुमन राणा व गणेश कुमार।

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की ओर से सोसाइटी फॉर एजुकेशन एंड वेलफेयर एक्टिविटीज नारनौल के सहयोग से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दौंगड़ा अहीर एवं भोजावास में आज बालिकाओं की प्रतिभा और सशक्तिकरण को समर्पित बालिका मंच समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य सुमन राणा एवं गणेश कुमार ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की।

समारोह के दौरान छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी, जिनके माध्यम से समाज में बालिकाओं की भूमिका और अधिकारों पर प्रभावी संदेश दिया।

मुख्य अतिथि सुमन राणा ने संबोधित करते हुए कहा कि 'बालिकाएं शिक्षा, आत्मविश्वास और अवसरों के माध्यम से समाज में बदलाव की वाहक बन सकती हैं। स्कूलों में ऐसे मंच उन्हें नेतृत्व का अवसर प्रदान करते हैं।'

वहीं गणेश कुमार ने बाल अधिकारों और सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने बताया कि यह मंच 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' कार्यक्रम के तहत गठित किया गया है, जिसका उद्देश्य छात्राओं को अपने विचार प्रकट करने, सामाजिक मुद्दों पर चर्चा करने और स्कूल छोड़ चुकी बालिकाओं को दोबारा शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना है।

कार्यक्रम में कनीना से एडवोकेट मीनाक्षी ने बच्चों को बाल संरक्षण संबंधी अधिकार और कानूनी जानकारी दी।

### बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ दिलाई

वहीं जिला समन्वयक सेवा संस्था की सदस्य कुसुमलता ने बाल विवाह रोकथाम के लिए सभी को शपथ दिलाई। अंत में सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया और कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गान के साथ हुआ। कार्यक्रम में प्राचार्य अमर सिंह, बाल संरक्षण अधिकारी संतोष कुमारी, अर्थशास्त्र प्रवक्ता मंजू कुमारी, लेखाकार प्रेमलता, बाल कल्याण समिति सदस्य राजेश गोयल, कुमुदनी श्रीवास्तव, ममता शर्मा, दौंगड़ा अहीर सरपंच सुनीता देवी के अलावा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा विद्यालय स्टाफ मौजूद था।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मेई**
खण्ड सिहमा, जिला महेंद्रगढ

ग्राम पंचायत मेई में 02 सितंबर 2025 को पंचायत घर में गांव के स्कूल के पास जोहड को मछली पालन के लिए बोली पर छोडा जाना है। इच्छुक बोलीदाता समय पर आकर बोली में भाग ले सकता है। बोली की शर्ते मौके पर सुनाई जाएगी।

**NOTICE**

I, Sunil Kumar S/o Sh. Naresh Kumar age about 34 years resident of Mohalla Sainipura Mahendergarh, Teh and Distt Mahendergarh (Haryana) declare that I am the permanent resident of above address. My Army No 15725039W Loc Nk Sunil Kumar presently serving with 5 Mtn Div Sig Regt. As per my Army service record, the name of my mother is Somuati and her date of birth is 27 Oct 1970 whereas as per her civil IDs, her name is Somwati Devi and her date of birth is 27 Oct 1968.Correct name of my mother is Somwati Devi and her date of birth is 27 Oct 1968. Henceforth my mother may please be known as Somwati Devi and her date of birth as 27 Oct 1968 for all purposes.The above statement is true and correct.

**In the Court of MS. Gurdeep Kaur ACJ (Sr. Divn.) Narnaul**
CNR-HRNR020012302025
Next Date : 16.09.2025
Priyanka W/o Anil R/o Sihma etc.
Versus
Anil S/o Viresh @ Virender R/o Sihma
Notice to : General Public : Narnaul
In above titledCase the defendant Could not be Served. it is ordered that defendant hsould appear in person or through Cousel on 16.09.2025 at 10.00 A.M.
Sd/-
Gurdeep Kuaur Addl. Civil Judge (Sr. Divn.) Narnaul

**सार्वजनिक सूचना**

मै नन्दलाल पुत्र नरेश पुत्र गिगाराम वासी मोहल्ला प्राणपुरा नजदीक छिप्पी जोहड नारनौल तहसील नारनौल जिला महेंद्रगढ बयान करता हूं कि मेरे पिता नरेश का स्वर्गवास दिनांक 27.11.2020 को हो चुका है। मेरी माताजी का स्वर्गवास मेरे पिता से पहले ही हो चुका है। मेरे भाई मनीष कुमार लाऔलाद का स्वर्गवास भी 06.08.2024 को हो चुका है। मेरे पिताजी कस्बा नारनौल में बिस्वेदार थे। उनके देहान्त के बाद उनका और कोई कानूनी वारिस नहीं है। इस बाबत किसी को कोई एतराज हो तो वह 30 दिन के अन्दर अपना एतराज लिखित में दर्ज करवा सकता है।

# पोर्टल पर पंजीकरण कराने के मामले में है जिले के किसान पीछे, सिरसा जिला पहले स्थान पर

**खास बातें**

- महेंद्रगढ़ जिले के किसान प्रदेश में है आठवें स्थान पर, जिले के 92346 किसानों ने कराया है 285788 हेक्टेयर फसल का पंजीकरण
- सिरसा जिले के किसान पंजीकरण कराने में है पहले स्थान पर, सिरसा में 148388 ने कराया है 696386 हेक्टेयर फसल का पंजीकरण


महेंद्रगढ़। कृषि विभाग कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

प्रदेश सरकार ने किसानों के लिए न्यूनतम मूल्य पर अपनी फसल बेचने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पर पंजीकरण करना अनिवार्य किया है। पोर्टल पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की गई है। आंकड़ों की बात करें तो अभी तक प्रदेश में 1340993 किसान 6104648 हेक्टेयर फसल का पंजीकरण करा चुके है। सिरसा जिला के किसान पोर्टल पर पंजीकरण कराने के मामले में पहले स्थान पर है। वहीं फरीदाबाद जिला के किसान पंजीकरण कराने के मामले में आखिरी पायदान पर है।

| जिला का नाम | कुल क्षेत्र पंजीकृत | कुल किसान पंजीकृत |
|---|---|---|
| अंबाला | 243828 | 53266 |
| भिवानी | 456157 | 119392 |
| फरीदाबाद | 24672 | 5373 |
| फतेहाबाद | 430983 | 85390 |
| गुरुग्राम | 85089 | 22226 |
| हिसार | 496251 | 139970 |
| झज्जर | 199173 | 44456 |
| जींद | 348565 | 68632 |
| कैथल | 408159 | 59082 |
| करलाल | 455341 | 69541 |
| कुरुक्षेत्र | 318543 | 59174 |
| महेंद्रगढ़ | 285788 | 92436 |
| पंचकूला | 45901 | 11301 |
| पानीपत | 143763 | 20639 |
| रेवाड़ी | 209284 | 64790 |
| रोहतक | 177062 | 37544 |
| सिरसा | 696386 | 148388 |
| सोनीपत | 202605 | 39244 |
| मेवात | 245720 | 37552 |
| पलवल | 163422 | 34728 |
| चरखी दादरी | 214057 | 62060 |
| कुल | 6104648 | 1340993 |

जिन किसानों ने अभी तक पंजीकरण नहीं कराया है वह किसान डब्लूडब्लूडब्लू डाट फसल डाट हरियाणा डाट जीओवी डाट आईएन पोर्टल पर अपनी रबी की फसल का पंजीकरण करवा सकते। पोर्टल पर बिना पंजीकरण किसान अपनी फसल मंडी में नहीं बेच सकेंगे।

**जरूरी दस्तावेज**

- परिवार पहचान पत्र
- जमीन की फर्द
- मोबाइल नंबर
- बैंक का खाता

इसके अलावा सरकार की ओर से कृषि विभाग के अधिकारियों को भी निर्देश है कि वह अपने जिले पर ज्यादा से ज्यादा किसानों का पोर्टल पर पंजीकरण कराएं। किसान ने अगर अपने खेत को खाली रखा हुआ है तो उसका भी पोर्टल पर पंजीकरण करवाएं। प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त हुई फसल के मुआवजे एवं विभिन्न योजनाओ का लाभ लेने के लिए किसानों को बोई गई फसल का नाम, खेती का रकबा फसली महीना, बैंक खाता संख्या एवं मोबाईल नम्बर जैसी अनिवार्य जानकारी मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आनलाइन दर्ज करनी होगी।

**ऐसे होगा पंजीकरण**

पोर्टल पर फसल का पंजीकरण करवाने के लिए परिवार पहचान पत्र होना अनिवार्य है। परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड से जुड़े मोबाईल नंबर से ओटीपी प्राप्त होने के बाद फसल का पंजीकरण होगा। परिवार पहचान पत्र व आधार कार्ड से जुड़ा मोबाईल नंबर अगर चालू नहीं है तो किसान पहले आधार सेंटर जाकर अपना पंजीकृत मोबाईल नंबर सही करवा ले। अधिक जानकारी के लिए किसान विभाग के टोल फ्री नंबर 18001802117 पर संपर्क कर सकते है या फिर कृषि विभाग कार्यालय पहुंचकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

**मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य**

कृषि तथा किसान कल्याण विभाग से उपनिदेशक डॉ. देवेन्द्र सिंह ने बताया कि किसान स्वयं के मोबाईल से या नजदीकी सीएससी पर अपनी फसलों का विवरण मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करवा लें ताकि पोर्टल पर पंजीकृत किसान को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों का लाभ मिल सके। सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि संबंधित हलका पटवारी से मिलकर अपने खेत के सही किला नम्बर में सही फसल दर्ज करना सुनिश्चित करें। जिससे की किसानों को आगे होने वाली समस्याओं का सामना ना करना पड़े।

**खबर संक्षेप**

### श्री श्याम बाबा का जागरण व भंडारा खतरीपुर में

**मंडी अटेली।** गांव खतरीपुर में श्री श्याम बाबा का जागरण एवं भंडारा तीन सितंबर को किया जा रहा है। जानकारी देते हुए दिनेश यादव ने बताया कि श्याम बाबा का भंडारा तीन सितंबर को प्रात 10 बजे तथा जागरण रात्रि आठ बजे किया जाएगा। इस भंडारे में दूरदराज से गांवों के लोग आकर बाबा का प्रसाद ग्रहण कर अपनी मन्नतें मांगते हैं। रात्रि के समय जागरण में गायक कलाकार दीपा चौधरी, जयवीर भाटी, सुरेंद्र भाटी, नरेश नागर, अन्नु चौधरी बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे।

### जोगीनाथ समाज उत्थान संगठन की बैठक 31 को

**नारनौल।** स्थानीय गुरु गोरखनाथ मंदिर में जोगीनाथ समाज उत्थान संगठन जिला कार्यकारिणी बैठक 31 सितंबर को जिला प्रधान प्यारेलाल योगी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी। जानकारी देते हुए संस्था सचिव नरेंद्र योगी ने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया जाएगा। संस्था की बैलेंस शीट वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, 4 जुलाई को किए गए भंडारे का खर्च आय का विवरण, संस्था के खाते में लेन देन का मैसेज प्रधान के मोबाइल नंबर पर भेजने का प्रस्ताव का अनुमोदन, उपप्रधान के पद पर किसी सदस्य को मनोनीत करने बारे विचार विमर्श व मंत्री रणबीर गंगवा का 31 सितंबर को गुरु गोरखनाथ मंदिर में जलपान का आयोजन कराने का लेकर विचार विमर्श किया जाएगा।

### अप्रेंटिस के संबंध में अधिकारियों की बैठक

**नारनौल।** नगराधीश डा. मंगलसेन ने वीरवार अप्रेंटिस के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डॉ. मंगल सेन ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को विभाग से संबंधित योजनाओं के बारे में दिशा-निर्देश जारी किए, जो बच्चों के रोजगार में सहायक हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य विनोद खनगवाल ने अप्रेंटिस के बारे में विस्तार से बताया। इस अवसर पर डीआईसी से सुनील कुमार, एमएसएमई से अजय यादव, स्किल डेवलपमेंट मिशन से विकास यादव, जिला रोजगार विभाग से मुकेश कुमार, जिला उत्पाद शुल्क से दीपक कुमार, एलडीएम उमेद सिंह दहिया, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्लेसमेंट ऑफिसर सुदर्शन कुमार आदि मौजूद थे।

## जियो फेंसिंग के विरोध में किया प्रदर्शन, ज्ञापन सौंपा

# स्वास्थ्य विभाग में रखी एक दिवसीय भूख हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। नागरिक अस्पताल गेट पर भूख हड़ताल पर बैठे स्वास्थ्य कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने आदेश के विरोध में वीरवार को प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने राज्य के सभी सिविल सर्जन कार्यालयों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक उपवास रखकर रोष प्रकट किया। इसी आह्वान पर जिला महेंद्रगढ़ में तालमेल कमेटी के बैनर तले नारनौल अस्पताल में भूख हड़ताल की गई। आज की भूख हड़ताल में जिला संयोजक डॉ. विवेक शर्मा के नेतृत्व में बहुउद्देश्यीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला प्रधान धर्मवीर यादव, पूर्व राज्य उपाध्यक्ष मुकेश चौहान, सुमित्रा देवी, पिंकी, एसकेएस खंड महेंद्रगढ के प्रधान रणसिंह मालड़ा, मुकेश यादव व विजय ने सभी संगठनों के पदाधिकारियों को माला पहनाकर भूख हड़ताल पर बैठाया। शाम को 5 बजे भूख हड़ताल को समाप्त करवाने के लिए सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कोशल कुमार ने जूस पिलाकर भूख हड़ताल को समाप्त करवाया। भूख हड़ताल में एचसीएमएस एसोसिएशन के जिला प्रधान डॉ. विवेक शर्मा, सचिव डॉ. पंकज, नर्सिंग एसोसिएशन की जिला प्रधान सुशीला कौशिक, विकास, एनएचएम से नर्सिंग ऑफिसर प्रोमिला, उद्यम सिंह, बहुउदेश्य स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान धर्मवीर यादव, सचिव दर्शाना कुमारी, रेडियोलॉजी एसोसिएशन से सतपाल यादव, विशाल, लेब टेक्नीशियन एसोसिएशन से सुधीर सैनी, दीपक, फार्मेसी एसोसिएशन से सतपाल, ओटीए जोगिंद्र, पवन कुमार, लिपिक एसोसिएशन से विजय यादव, मुकेश, एचकेआरएन से सुनील कुमार, संजीत कुमार सहित कुल 20 पदाधिकारी भूख हड़ताल पर रहे व इनके समर्थन में स्वास्थ्य विभाग की सभी कटेगरी के सैंकड़ों अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।



नारनौल। सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार को ज्ञापन सौंपते हुए।

स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी द्वारा जारी एक संयुक्त प्रेसबयान में तालमेल कमेटी के संयोजक डॉ. विवेक शर्मा ने बताया कि आज एकबार पुनः जिला के तमाम अधिकारियों, चिकित्सकों, नर्सिंग तथा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने एकजुट होकर रोष प्रदर्शन करते हुए जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति के गैर–कानूनी आदेशों को नकार दिया है। सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख रोष प्रदर्शन करके तथा ज्ञापन देकर महामहिम राज्यपाल तथा सरकार से पुन मांग की गई कि उक्त गैर–कानूनी आदेश पर पुनः विचार करते हुए तुरन्त प्रभाव से निरस्त करना चाहिए। तालमेल कमेटी के नेताओं ने बताया कि यदि इस रोष प्रदर्शन के बावजूद भी जियो फेंसिंग लोकेशन आधरित उपस्थिति दर्ज करने के उक्त आदेश को निरस्त नहीं किया गया तो 7 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग अधिकारी कर्मचारी तालमेल कमेटी हरियाणा की राज्य कार्यकारिणी की होने वाली बैठक मे निर्णायक आन्दोलन का ऐलान कर दिया जाएगा।

# कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम रखने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। डीसी को ज्ञापन देने जाते हुए। फोटो : हरिभूमि

क्षेत्र की 75 ग्राम पंचायतों ने कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम रखने को लेकर अपना समर्थन पत्र जिला उपायुक्त मनोज कुमार को सौंपा। इस दौरान राव तुलाराम चौक से लघु सचिवालय तक बाइक रैली भी निकाली गई। ग्राम पंचायतों ने कोरियावास मेडिकल कॉलेज का नाम शहीद राव तुलाराम के नाम पर करने की मांग की।

संदीप मालड़ा ने कहा कि शहीद राव तुलाराम ने 1857 की क्रांति में अंग्रेजों से लोहा लिया था। उनके नेतृत्व में दक्षिणी हरियाणा का पहला संग्राम लड़ा गया था। जिसमें पांच हजार से ज्यादा अनाम शहीद हो गए थे। इसलिए इस कॉलेज का नाम जनभावनाओं के अनुसार राव तुलाराम मेडिकल कॉलेज होना ही उचित है।

उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज के गांव कोरियावास की पंचायत ने 80 एकड़ जमीन मुफ्त दी है। वहीं कोरियावास के ग्रामीण इस कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम से करवाना चाह रहे हैं। इसलिए सरकार को गांव के लोगों व पंचायत की मांग को मानना चाहिए। कोरियावास में स्थापित किए गए मेडिकल कॉलेज का नाम राव तुलाराम के नाम पर रखने का प्रस्ताव कोरियावास गांव की पंचायत ने मई 2023 में ही दिया था। तब तक इस मेडिकल कॉलेज का कोई नामकरण भी नहीं हुआ था।

# एनसीसी के लिए महिला कॉलेज की छात्राओं ने दी दक्षता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल


नारनौल। एनसीसी की दक्षता परीक्षा में भाग लेती महिला कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

राजकीय महिला महाविद्यालय में शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए एनसीसी के नए इनरोलमेंट प्रक्रिया का वीरवार को आरंभ की गई। 16वीं हरियाणा बटालियन के ऑफिस के सामने स्थित ग्राउंड में यह कार्य किया गया, जिसके अंदर प्रतिभागी छात्राओं से 800 मीटर दौड़, शटल, 100 मीटर स्प्रिंग, लॉन्ग जंप, पुशअप तथा अंत में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया। इस शारीरिक एवं लिखित परीक्षा द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय की एनसीसी की कुल रिक्त 19 सीटों के लिए चयन किया जाएगा।

इस संपूर्ण परीक्षा के दौरान महाविद्यालय की एनसीसी इकाई की इंचार्ज डॉ. ममता सिद्धार्थ तथा 16वीं हरियाणा बटालियन के एडम ऑफिसर कर्नल अक्षय माथुर, एसएम दानाराम, डीआई सुरेंद्र तथा अन्य स्टाफ सदस्य, महाविद्यालय के बी एवं सी एनसीसी कैडेट मौजूद रहे।

# समाधान शिविर जनता व प्रशासन के बीच महत्वपूर्ण कड़ीः डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़


महेंद्रगढ़। शिविर में समस्याएं सुनते कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

समाधान शिविर में वीरवार को डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने जिला प्रशासन के विभागाध्यक्षों की मौजूदगी में आयोजित समाधान शिविर में 65 शिकायतों के निपटान करते हुए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ भी मौजूद रही। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है, ताकि समस्याओं को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से सुलझाया जा सके। इन शिविर के माध्यम से नागरिकों को अपनी शिकायतों के समाधान के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते बल्कि वे एक ही स्थान पर अधिकारियों से सीधे संवाद कर सकते हैं। इस मौके पर एसडीएम कनिका गोयल, डीडीपीओ हरिप्रकाश बंसल, तहसीलदार अजय कुमार, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक देवेंद्र सिंह, बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता रणबीर सिंह, नगर पालिका सचिव गौरव सांगवान, खंड शिक्षा अधिकारी अलका आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# नपा बैठक में विकास कार्यों को लेकर हुआ मंथन

- सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करने का मसौदा किया तैयार. डॉ. रिंपी लोढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना


कनीना। बैठक में विकास कार्यों पर विचार विमर्श करते चेयरपर्सन, सचिव कपिल कुमार व पार्षद। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका की बैठक वीरवार को नपा चेयरपर्सन डॉ. रिंपी लोढ़ा की अध्यक्षता में शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिसमें सभी पार्षदों की सहमति से विकास कार्यों पर चर्चा हुई तथा धरातल पर उतारने की योजना तैयार की गई। डॉ. रिंपी लोढा ने कहा कि सभी 14 वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जाएगें। जिसके लिए सभी पार्षदों से प्राथमिकता के आधार पर किए जाने वाले विकास कार्यों की सूची ली गई है। बैठक की कार्रवाई नगरपालिका सचिव कपिल कुमार ने इंद्राज की।

बैठक में नपा के सफाई कर्मचारियों का विशेष ख्याल रखा गया है जिनके लिए दस्ताने, जूते, वर्दी, पीपी किट, मास्क के अलावा प्रतिमाह चार साबुन व एक लीटर सरसों का तेल उपलब्ध कराने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा पुराने कंडम सामान की मुनादी करवाने, पार्कों में टूटे झूले ठीक करवाने, नालियों पर लोहे के जाल डालने, टूटी सड़कों पर पेचवर्क कार्य करने, नपा कार्यालय को रिपेयर करवाने, सभी चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने, कार्यालय के लिए सामान की खरीद करने, बरसाती पानी की निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने, पार्कों में स्टोर रूम बनवाने, स्टेशनरी व बिजली सामान खरीदने सहित विभिन्न कार्यों को करवाने की मंजूरी दी गई। नपा चेयरपर्सन डॉ रिंपी लोढा ने कहा कि बैठक में सभी नगर पार्षदों ने विकास कार्यों को लेकर सुझाव दिए। जिन पर गहनता से विचार-विमर्श करने के बाद स्वीकृत किए गए।

नागरिकों की सुविधा के लिए नपा क्षेत्र में जल्द ही विकास कार्य शुरू किए जाएगें। इस बैठक में पार्षद मंजू देवी, दीपक चौधरी, उषा यादव, रेखा देवी, राजकुमार यादव, राकेश कुमार, राजेश देवी, पूजा, नितेश गुप्ता, योगेश कुमार, होशियार सिंह, सुमन देवी, सूबेसिंह, राजेंद्र सिंह, नीलम कुमारी व सवाई सिंह सहित एमई दिनेश कुमारए लेखाकार मनोज कुमार मौजूद रहे।

## गोली चलाने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए गठित की तीन टीमें

**कनीना।** गांव कोटिया में एक व्यक्ति पर पिस्टल से फायर कर जानलेवा हमला करने के आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने तीन पुलिस टीमों का गठन किया है। गठित की गई टीम अपराधियों की तलाश में जुट गई हैं। गोली लगने से घायल हुए कोटिया गांव के व्यक्ति ऑटो चालक धर्मेंद्र के घर पहुंचकर एसपी ने उनका हालचाल जाना और परिजनों को सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि आरोपितों को शीघ्र ही काबू कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने शिकायतकर्ता धर्मेंद्र से भी बात की। पीडित धर्मेंद्र ने अपनी एसपी को बताया कि 25 अगस्त को रात करीब दो बजे जब वह अपने घर पर सोया हुआ था, तब उन्हें जोरदार आवाज सुनाई दी। नींद से जागकर देखा तो उनकी जांघ से खून बह रहा था और गोली का एक हिस्सा उनकी चारपाई पर पड़ा था। किसी अज्ञात व्यक्ति ने जान से मारने के इरादे से उन पर गोली चलाई थी। उनकी शिकायत पर कनीना सिटी थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी ने तुरंत पुलिस की तीन विशेष टीमें गठित कीं। जिनमें सिटी थाना, सदर थाना व सीआइए शामिल हैं। ये टीमें न केवल आरोपित की खोजबीन कर रही हैं, बल्कि क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की भी सघन जांच कर रही हैं। इस दौरान सदर थाना इंचार्ज सजन वशिष्ठ, सिटी थाना प्रबंधक रविन्द्र सिंह व अनुसंधान अधिकारी सतीश कुमार मौजूद थे।

## भाईचारा सम्मेलन में 36 बिरादरी के मधुर संबंध बनाने का आह्वान

# छोटूराम की जीवनी से किसानों को स्वाभिमानी बनने की मिलती रहेगी प्रेरणा

- सामाजिक कुरीतियां मिटाकर युवाओं को चरित्रवान बनाने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी



नांगल चौधरी। भाईचारा सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन करता जाट समाज तथा जाट समाज के भाईचारा सम्मेलन में सामाजिक एकता की रूपरेखा बनाते समाज के प्रबुद्धजन। फोटो :हरिभूमि

बहरोड़ रोड पर स्थित जाट धर्मशाला में जाट समाज का भाईचारा सम्मेलन जाट आरक्षण समिति के जिला प्रधान नवनीत ढिल्लो व राष्ट्रीय सचिव हजारीलाल लंबोरा में अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी प्रताप दहिया तथा प्रदेशाध्यक्ष गंगाराम श्योराण मुख्य रूप से मौजूद रहे हैं। उन्होंने समाज को संगठित होकर विभिन्न कुरीतियों को मिटाने तथा युवाओं चरित्र निर्माण करने का संदेश दिया है।

उन्होंने कहा कि समाज के तीन मुख्य मुद्दों पर जाट आरक्षण समिति का गठन किया गया था। जिसमें सामाजिक समानता तथा राजकीय योजनाओं में योग्यता का प्राथमिकता देना प्रमुख मुद्दा रहा है। जाट आरक्षण को समाज के भविष्य की जीवन रेखा बताते हुए कहा कि आज जाट समाज दयनीय स्थिति में है, और आरक्षण के बिना उसका भविष्य उज्ज्वल नहीं हो सकता। यह आंदोलन हमारा अधिकार है और इसे पाना ही होगा। साथ में समाज के महापुरुषों की जीवनी और उनके सिद्धांतों का प्रसार करना अनिवार्य है। छोटूराम की जीवनी स्वाभिमान से परिपूर्ण रही है उन्होंने निजी स्वार्थों के लिए नैतिकता से समझोता नहीं किया। जाट आरक्षण के दौरान 2017 में जसिया में छोटूराम धाम निर्माण का फैसला किया था। किंतु विभिन्न कारणों के चलते योजना को अमलीजामा पहनाना संभव नहीं हो पाया।

अब 5 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में हलका वाइज भाईचारा सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। नांगल चौधरी के सम्मेलन ने साबित कर दिया कि भाईचारा यात्रा अब सिर्फ एक आंदोलन नहीं, बल्कि समाज जागरण की क्रांति बन चुकी है। 5 अक्टूबर का जसिया धाम सम्मेलन इस जागरण को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष की अपील पर कुलदीप जैलदार, धर्मशाला प्रधान जोगेंद्र छिल्लर, प्रदेश सचिव जसवंत शेहरावत, चैनसुख तोताहेड़ी, ईश्वर लोहचब, जगराज दहिया, भूपेंद्र नंबरदार, करण सिंह ढिल्लों, जगबीर सिंह ढिल्लों, भीम सिंह सहरावत, रामकुमार मकसूस पुरिया ने आर्थिक सहयोग दिया है। इस मौके पर भिवानी जिले के उपप्रधान जोरा सिंह, जयपाल भिवानी, डॉ. मनदीप लांबा, कुलदीप जैलदार, उपप्रधान विजय सिंह लंबोरा, रामनिवास सरपंच, महेंद्र बडेसरा, सूबे सिंह छिल्लर, धन्ना सिंह, युद्धवीर ढिल्लों, दलीप सिंह, कैशियर धीरज, रामफल चहल, विनोद मलिक इत्यादि मौजूद रहे हैं।